# एमडीआई में सैंटर फॉर फाइनैंशियल सर्विसेज का भव्य शुभारंभ, विशेषज्ञों ने साझा किया रोडमैप

**सवेरा न्यूज/कास.**

गुड़गांव, 31 मई : मैनेजमैंट डिवैल्पमैंट इंस्टीच्यूट (एमडीआई), गुड़गांव में फुली बैंक्ड, इंश्योर्ड एवं पेंशन्ड सोसायटी फॉर अ विकसित भारत 2047: फ्यूचर रोडमैप विषय पर एक ऐतिहासिक सम्मेलन का आयोजन हुआ। इस अवसर पर एमडीआई परिसर में सेंटर फॉर फाइनैंशियल सर्विसेज का शुभारंभ भी हुआ, जो नीति निर्माण और वित्तीय नवाचार को दिशा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। सम्मेलन में पीएफआरडीए के चेयरमैन डॉ. दीपक मोहंती, सेबी के पूर्व चेयरमैन एम. दामोदरन, और वित्त मंत्रालय के सचिव नागराजु (आईएएस) सहित कई प्रतिष्ठित वक्ताओं ने भाग लिया। उन्होंने वित्तीय समावेशन, डिजिटल इनोवेशन, और सशक्त वित्तीय ढांचे की आवश्यकता पर बल दिया। तीन पैनल सत्रों में बैंकिंग, फिनटेक और बीमा-पेंशन क्षेत्र की चुनौतियों एवं अवसरों पर गहन चर्चा हुई। एमडीआई निदेशक प्रो. अरविंद सहाय ने कहा कि संस्थान का नया केंद्र विचार नेतृत्व, नीतिगत नवाचार और क्षमता निर्माण को सशक्त बनाएगा। सम्मेलन का समापन प्रो. इमलाक शेख के धन्यवाद ज्ञापन और हाई टी एवं नैटवर्किंग सत्र के साथ हुआ, जिसमें नीति-निर्माताओं, विशेषज्ञों और अकादमिक समुदाय के बीच सहयोग को बढ़ावा मिला।